**Regd. Off.:** Maheshwari Bhawan, Sanghi Ji Ka Rasta, Chaura Rasta, Jaipur-302003 ✆ : 0141-2313072, 2314646
**Adm. Off.:** 3rd Floor, MPS International, Bhabha Marg, Tilak Nagar, Jaipur-302004 ✆ : 0141-2623500, 2621100
Website : www.ecmsjaipur.com • Email : ecmsgs@hotmail.com

ECMS 1936

ECMS/2021/469 दिनांक फरवरी, 2021

श्रीमान् आयुक्त महोदय,
राजस्थान आवासन मण्डल
जयपुर

**विषय : इन्दिरा गांधी नगर (सेक्टर–2) में शैक्षणिक उपयोग हेतु रियायती दर पर लगभग 2500 से 3000 वर्गमीटर भूमी आवंटित करने हेतु।**

मान्यवर,

दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर विगत 85 वर्षों से लगातार शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणीयकार्य कर रहा है। सोसायटी के अन्तर्गत 9 विद्यालय एवं एक महाविद्यालय का संचालन विधिवत रूप से किया जा रहा है, जिसमें लगभग 23000 शिक्षार्थी 950 कुशल स्टॉफ के सानिध्य एवं मार्गदर्शन से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। सभी शिक्षण संस्थाओं ने जयपुर शहर की शिक्षण संस्थाओं में अपनी अलग पहचान बना रखी है, साथ ही हमारी इन शिक्षण संस्थाओं का शुल्क भी अन्य समकक्ष शिक्षण संस्थाओं की तुलना में काफी कम है। विद्यालयों के सैकण्डरी एवं सीनियर सैकण्डरी बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम शत–प्रतिशत के साथ–साथ सख्यात्मक व गुणवत्ता की दृष्टि से विशेष कीर्तिमान बनाए हुए है। सोसायटी के अन्तर्गत संचालित शिक्षण संस्थाओं का विवरण निम्नानुसार है :

1. श्री माहेश्वरी उच्च माध्यमिक विद्यालय, तिलक नगर, जयपुर (mhs, Tilak Nagar)
2. माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर, जयपुर (mps, Jawahar Nagar)
3. माहेश्वरी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, चौडा रास्ता, जयपुर (mbv, Chaura Rasta)
4. माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, विद्याधर नगर, जयपुर (mgps, Vidhyadhar Nagar)
5. माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर, जयपुर (mps, Pratap Nagar)
6. एम.पी.एस इन्टरनेशनल भाभा मार्ग, तिलक नगर, जयपुर (mps Int., Tilak Nagar)
7. माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, अजमेर रोड, बगरू, जयपुर (mps, Bagru)
8. माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, माचवा, कालवाड रोड, जयपुर (mps, Kalwar Road)
9. एम.पी.एस. सस्कृति (प्री–प्राइमरी विद्यालय),तुलसी मार्ग, बनीपार्क, जयपुर (mps Sanskriti, Banipark)
10. माहेश्वरी गर्ल्स पी. जी. कॉलेज, प्रताप नगर, जयपुर (mcca, Pratap Nagar)

दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर अपने अधीन संचालित विद्यालयों में प्रतिभावान प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों को मैरिट स्कालरशिप प्रदान करती है एवं निर्धन शिक्षार्थियों को निःशुल्क शिक्षा भी प्रदान करती है। सोसायटी के अन्तर्गत संचालित सभी शिक्षण संस्थाओं में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम (**RTE**) की अक्षरतः अनुपालना की जा रही है। विद्यालय परिवार से जुड़े शिक्षकों एवं कर्मचारियों के कल्याण हेतु सजग यह सोसायटी समय–समय पर विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों को आयोजित करती रहती है। विविध आयामी शिक्षा ओर बहुमुखी लक्ष्यों के साथ यह सोसायटी शैक्षिक क्षेत्र में अपने कदम निरन्तर बढ़ाती जा रही है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण बोर्ड परीक्षा परिणाम से स्पष्ट परिलक्षित होता है। शिक्षा समिति अपने स्टाफ को सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन एवं भत्ते, ग्रेच्यूटी, मेडीक्लेम इत्यादि की सुविधाएँ भी दे रही है।

**Regd. Off.:** Maheshwari Bhawan, Sanghi Ji Ka Rasta, Chaura Rasta, Jaipur-302003 ✆ : 0141-2313072, 2314646
**Adm. Off.:** 3rd Floor, MPS International, Bhabha Marg, Tilak Nagar, Jaipur-302004 ✆ : 0141-2623500, 2621100
Website : www.ecmsjaipur.com • Email : ecmsgs@hotmail.com

ECMS
SINCE 1936

महोदय, दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर नवीन शिक्षा नीति में वर्णित Level 1 & 2 मापदण्डों के अनुरूप नया विद्यालय प्रारम्भ करना चाहती है। अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया इन्दिरा गांधी नगर (सेक्टर–2) में शैक्षिक उपयोग हेतु लगभग 2500 से 3000 वर्गमीटर भूमि रियायती दरों पर आवंटित करवाने की कृपा करें।

सादर

भवदीय

**(प्रदीप बाहेती)**
अध्यक्ष
दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

प्रपत्र : "अ"

# इन्दिरा गांधी नगर (सेक्टर–2) क्षेत्र में प्राथमिक स्तर के विद्यालय हेतु सोसायटी को आवंटन हेतु

प्रार्थना पत्र

1. संस्था का नाम : दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर
2. प्रार्थी का नाम (अधिकृत हस्ताक्षर) : श्री प्रदीप जी बाहेती, अध्यक्ष
3. डाक का पता : प्रशासनिक कार्यालय : तृतीय तल, एम.पी.एस. इन्टरनेशनल, भाभा मार्ग, तिलक नगर, जयपुर 302004

   टेलीफोन नम्बर : 0141. 26233500, 2621644

   मोबाईल नम्बर : 9829055050 (श्री प्रदीप बाहेती, अध्यक्ष)

   मेल आई.डी. : ecmsgs@hotmail.com
4. भूमि आवंटन का उद्धेश्य : प्राथमिक विद्यालय के संचालन हेतु
5. चाहे गए क्षेत्रफल का विवरण : लगभग 2500 से 3000 वर्गमीटर (इन्दिरा गांधी नगर, सेक्टर 2 क्षेत्र)
6. भूमि का क्षेत्रफल : लगभग 2500 से 3000 वर्गमीटर (इन्दिरा गांधी नगर, सेक्टर 2 क्षेत्र)
7. प्राजेक्ट रिपोर्ट का सारांश :

   संस्थान : माहेश्वरी पब्लिक स्कूल–संस्कृति

   अनुमानित निवेश : 11 करोड रूपये

   निर्मित होने वाला क्षेत्रफल : 50,000 वर्गफुट

   समाज को होने वाले लाभों का संक्षिप्त विवरण : समाज के सभी वर्गो के लिए शिक्षा प्रदान करना
8. संस्थान को आवासन मण्डल द्वारा पूर्व में आवंटित भूमि का विवरण :
   1. माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर, जयपुर
   2. माहेश्वरी गर्ल्स पी. जी. कॉलेज, प्रताप नगर, जयपुर
   3. माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर, जयपुर
9. संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज :

   (i) पंजीयन प्रमाण पत्र

   (ii) बाईलॉज / रेग्युलेशन्स

   (iii) गत तीन वर्षो की ऑडिट रिपोर्ट व बेलेन्स शीट

   (iv) संस्थान का भूमि आवंटन के लिए लिया गया प्रस्ताव जिसमें अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता जो आवंटन हेतु आवेदन करेगा, उसका उल्लेख हो।

   (v) प्रोजेक्ट रिपोर्ट (चाही गई भूमि पर बनने वाले प्रोजेक्ट बाबत मुख्य विवरण)

   (i) रूपये 5000/– (पॉच हजार रूपये) का बैंक का डी.डी./पे–आर्डर (जो सम्बन्धित शहरी निकाय के सचिव/अधिशाषी अधिकारी/मुख्य कार्यकारी अधिकारी के नाम हो)

   पे. आर्डर संख्या : 055055 दिनांक : 10 फरवरी, 2021 राशि रूपये 5,000 एक्सिस बैंक, तिलक नगर शाखा

यह प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सूचनाएँ मेरी जानकारी व विश्वास के अनुसार सत्य है व कुछ भी नही छुपाया गया है। सोसायटी आंवटन की शर्तो/निर्देशों व उप–विधियों आदि की समस्त शर्तो की पूर्णतः पालना करेगा। शर्तो की अवहेलना करने पर आवंटन करने वाला शहरी निकाय (Urban Body) आवंटन निरस्त करने, भवन, भूमि पर बने अन्य निर्माण को कब्जे में लेने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

दिनांक : 8 फरवरी, 2021

स्थान : जयपुर

दी एज्यूकेशन कमेटी ऑफ दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी) जयपुर

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

(प्रदीप बाहेती)

अध्यक्ष

दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

# राजस्थान सरकार

सत्यमेव जयते

## रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र

**क्रमांक : 96 / जयपुर / 1956–57**

यह प्रमाणित किया जाता है कि THE EDUCATION COMMITTEE OF THE MAHESHWARI SAMAJ, JAIPUR का रजिस्ट्रेशन राजस्थान संस्था रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1958 (राजस्थान अधिनियम संख्या 28, 1958) के अन्तर्गत दिनांक 19 अक्टूबर, 1956 किया गया था।

अब इस संस्थान का नाम परिवर्तित कर **THE EDUCATION COMMITTEE OF THE MAHESHWARI SAMAJ (SOCIETY), JAIPUR** जिला जयपुर कर दिया गया है। यह परिवर्तन राजस्थान संस्था रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1958 की धारा 12 के प्रावधानान्तर्गत किया गया है।

यह प्रमाण पत्र मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मुहर से दिनांक 25/2/2019 को जयपुर में जारी किया गया।

दिनांकः– 19 अक्टूबर, 1956

रजिस्ट्रार संस्थाएं
जयपुर

रजिस्ट्रार (संस्था)
रजिस्ट्रार (संस्थाएं)
[illegible] रजिस्ट्रार
सहकारी समितियाँ, जयपुर

प्रदीप बाहेती
अध्यक्ष
दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी